हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

10 मतगणना व स्ट्राँग रूम की सुरक्षा के हों पुख्ता प्रबंध



10 श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली बाइक यात्रा



## खबर संक्षेप

### महिला की दो सोने की अंगूठी चोरी, केस

**जींद।** भिवानी रोड पर ब्यूटी पार्लर के यहां गई महिला की दो सोने की अंगूठी गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आश्रम बस्ती निवासी हिमांशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी भाभी गीतांजलि भिवानी रोड पर ब्यूटी पार्लर में गई हुई थी।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये ठगी मामले की जांच थाना सदर पुलिस के एसआई सुरेश कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी पंजाब के जिला मानसा के गांव मखेवाला निवासी गुरमुख सिंह को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खुराना निवासी अनुप कुमार की शिकायत अनुसार वह और कैथल निवासी मंदीप विदेश जाना चाहते थे।

### चालक को छोड़ गाड़ी को ले उड़े बुकिंग करने वाले

**जींद।** केदारनाथ के लिए बुक की गाड़ी चालक को बुकिंग करने वाले गांव बुढाखेड़ा के निकट छोड़ गाड़ी लेकर फरार हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने गाड़ी चालक की शिकायत पर तीन के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुलतानपुरा निवासी संजय ने बताया कि गांव उमरा निवासी महेंद्र ने उसकी गाड़ी को केदारनाथ के लिए बुक किया था।

### चोरीशुदा जेवर खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस ने नकदी व जेवर चोरी के मामले में चोरीशुदा जेवर खरीदने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मॉडल टाउन निवासी सुखविंद्र की शिकायत अनुसार परिवार 31 मार्च को बाहर गया था। वापस आए तो अज्ञात व्यक्ति ने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी जेवर व 35 हजार रुपये नकदी चुरा ली गई।

### चार लोगों को घायल करने पर 5 नामजद

**जींद।** गांव सुदकैन खुर्द में रजिश के चलते हमला कर चार लोगों को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सुदकैन खुर्द निवासी सत्यवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही कृष्ण से कहासुनी हो गई थी। उस समय मामला शांत हो गया।

### अपहरण के मामले में शामिल आरोपी पकड़ा

**कैथल।** 10 जुलाई 2023 को तितरम थाना के अंतर्गत एक गांव से युवती का अपहरण कर ले जाने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एएसआई मुकेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी सेरधा निवासी विक्रम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना तितरम के अंतर्गत एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत अनुसार उसके भाई के पास 3 बच्चे है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव खोखरी से युवती के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खोखरी निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बहन अलसुबह घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बहन का सुराग नही लगा।

### लाखों की ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपितों पर एसपी के निर्देशानुसार शिकंजा कसते 30 लाख ठगने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर राजकरण की अगुवाई में एएसआई राजकुमार की टीम ने आरोपी मल्लेवाला सिरसा निवासी गुरप्रीत को गिरफ्तार कर लिया।

# मौसम ने ली करवट, बादलवाई व उड़ती धूल ने किसानों को चिंता में डाला

## खेत खलिहान से मंडियों तक फैली हैं गेहूं की फसल, परिवर्तनशील रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

खेत खलिहान से मंडियों तक गेहूं की फसल फैली हुई है। ऐसे में मौसम के बिगडे. तेवरों ने किसानों को चिंता मे डाल दिया है। बुधवार दोपहर तक मौसम साफ बना रहा तो शाम को आकाश में जमा धूल के साथ बादल भी दिखाई दिए। हवा की गति भी तेज हो गई। जिसके साथ धूल भी उड़ी ओर आंधी चलने के आसार बन गए। बुधवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री तथा न्यूनतम 22 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 19% तथा हवा की गति 24 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 21 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। बादलवाई के साथ हवा की गति भी तेज रहेगी। दोपहर तक मौसम साफ, बाद में बादल छाने के साथ



जींद। खुले में रखा गेहूं। फोटो :हरिभूमि

### पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम परिवर्तशील

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के के आशिक असर के चलते 21 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। आकाश में बादलवाई देखने को मिलेगी। हवा की गति तेज रहेगी। 19 तथा 20 को 'यादा असर देखने को मिलेगा। कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। तापमान मे भी बढोत्तरी होगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। जिसके चलते आकाश में बादलवाई दिखाई देने के साथ हवा कि गति कुछ तेज रहेगी। मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा।

**चली तेज हवाः** बुधवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दोपहर तक मौसम साफ बना रहा। बाद में मौसम ने करवट ली ओर आकाश में जमा धूल के साथ बादल दिखाई दिए। जिसके साथ हवा की गति भी तेज हो गई 24 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। जिसके साथ धूल भी उड़ने लगी। जिससे धूलभरी आंधी के आसार बन गए।



### गेहूं सीजन ने पकड़ी हुई है रफ्तार, धुरतीपुत्र चिंचित

गेहूं सीजन से रफ्तार पकड़ी हुई है। कटाई कर सीजन सीजन शबाब पर है। गेहूं की आवक भी मंडियों मे खूब हो रही है। अगर ऐसे हालात में मौसम खराब होता है तो गेहूं का कार्य प्रभावित होगा। इसी बात को लेकर किसान चिंतित हैं।

## पहले दिन फिटनेस जांच के लिए सिर्फ आठ स्कूल बसें पहुंची

# किसी में जीपीएस, सीसीटीवी तो किसी में नही मिला स्पीड गर्वनर

### महेंद्रगढ़ में स्कूल बस हादसे के बाद प्रशासन बच्चों की सुरक्षा को लेकर सख्त

### जबतक फिटनेस पूरी नही होती तब तक स्कूलों को नही मिले फिटनेस पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए स्कूल बस हादसे के बाद प्रशासन स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने के मूड में नही है। हालांकि निजी स्कूल संचालकों ने प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया था लेकिन डीसी तथा एसपी ने दो टूक शब्दों में कहा था कि स्कूली बसों की फिटनेस पूरी करवाई जाए। अन्यथा सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिसे लेकर जिन स्कूल बसों की फिटनैस समाप्त हो चुकी है उनकों विशेष सुविधा प्रदान करते हुए जिला में ही निरीक्षण बोर्ड द्वारा बुधवार को एकलव्य स्टेडियम के निकट निरीक्षण किया गया। पहले दिन केवल आठ निजी स्कूल बसें ही पहुंची और किसी की भी फिटनेस को लेकर मापदंड पूरे नही मिले। जिस पर स्कूल बसों को वापस भजे दिया गया। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सचिव गिरीश कुमार के निर्देशानुसार परिवहन विभा के कर्मचारी बुधवार को एकलव्य स्टेडियम के पास बसों की जांच को लेकर पहुंचे। हालांकि कई स्कूल बसें तय समयानुसार नही पहुंची। दोपहर एक बजे तक केवल आठ बसें ही फिटनेस जांच के लिए पहुंची। इन बसों की जांच की तो किसी में जीपीएस, किसी में सीसी टीवी तो किसी में स्पीड गवर्नर नही मिला। इसके अलावा कई बसों में रिफ्लेक्टर या फिर साइन बोर्ड तक नही थी। जिस पर इन बसों को फिटनेस के मापदंडों को पूरा कर दोबारा से जांच के लिए आने को कहा गया।



एकलव्य स्टेडियम के पास फिटनेस करवाने के लिए आई निजी स्कूल बस।



फिटनेस के लिए परिवहन कर्मियों का इंतजार करते हुए स्कूल कर्मी।

### निरीक्षण के साथ फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सचिव गिरीश कुमार ने बताया कि सभी स्कूल बस संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि परिवहन आयुक्त हरियाणा सरकार द्वारा जिन स्कूल बसों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है, उनकों विशेष सुविधा प्रदान करते हुए जिला में ही निरीक्षण बोर्ड द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। जिन बसों का निरीक्षण होना है उनका निरीक्षण बोर्ड द्वारा एकलव्य स्टेडियम जींद में 20 , 21 , 27 व 28 अप्रैल को निरीक्षण कर फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।

### नियमित तौर पर तैनात किया जाए

दोपहर को एकलव्य स्टेडियम के पास केवल तीन स्कूल बसें ही खड़ी थी। यहां परिवहन विभाग के अधिकारी नही थे। जिस पर काफी समय तक इन स्कूल बसों के चालकों, परिचालकों व कर्मियों ने इंतजार किया। जब परिवहन कर्मी नही आए तो पहले तो इन बसों को वापस ले जाया गया। फिर कुछ समय बाद दोबारा से फोन आने पर बसें फिर से एकलव्य स्टेडियम के पास पहुंची। स्कूल कर्मियों ने कहा कि फिटनेस जांच के लिए कर्मियों को नियमित तौर पर तैनात किया जाए ताकि कोई परेशानी न हो। मोटर व्हीकल अधिकारी संजीव कौशिक ने बताया कि पहले दिन आठ बसों की जांच की गई है। इन बसों में कई खामियां थी। जिस पर बसों की सभी खामियां दूर कर दोबारा फिटनेस जांच के लिए आने को कहा गया है।



पाई। राजौंद-पूंडरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाते पाई के किसान।

# पाई : गेहूं की खरीद न होने से खफा किसानों ने लगाया जाम

- वाहनों की लंबी लाइनें लगने से यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पाई

पाई अनाज मंडी में गेहूं की खरीद सुचारू न होने के कारण बुधवार को पाई मंडी के आढ़तियों व किसानों ने पूंडरी-राजौंद राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाया, जिससे वाहनों की लंबी लाइनें लग गई और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक जाम लगा हुआ था और चार घंटे तक किसी भी खरीद अधिकारी ने जाम स्थल पर आना मुनासीब नही समझा।

मंडी के आढ़तियों व किसानों ने बताया कि जिला प्रशासन पाई मंडी से किसानों की गेहूं की फसल खरीद करना ही नहीं चाहता और खरीद अधिकारी अपना पिछा छुटवाकर किसानों की गेहूं की फसल सिधेतौर पर साईलो में भेजना चाहती है। उन्होंने बताया कि पहले भी खरीद अधिकारियों की मंशा सही नही थी, परन्तु जब किसान व मंडी के आढ़ती अड़ गये तो मंडी से खरीद करने की हामी भर दी थी। सोमवार को मंडी की केवल चार दुकानों से ही लगभग 20 हजार बोरी ही खरीद करने के उपरांत उसके बाद खरीद नही की। उन्होंने बताया कि मंडी में किसानों की लगभग दो लाख बोरी खुली पडी हुई है।

### बारदाना न होने से खरीद बंद कर दी थीः सचिव

उधर मंडी सचिव जोगिन्द्र सिंह पेसियां ने बताया कि आज हरियाणा वेयर हाऊस की खरीद थी। अधिकारी खरीद करने तो आये थे और दस हजार बोरी की खरीद भी की। बाद में बारदाना न होने की कह कर खरीद बंद कर दी थी। उन्होंने जिला खाद्य एंव आपुर्ति नियंत्रक निशंत राठी व डी एम वेयर हाउस से बात कर खरीद चालु करवा दी है, किसान व आढ़ती कह रहे है कि पूरी खरीद होने के बाद ही जाम खोलेगें।

### मकान का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी चोरी

**जींद।** माल गोदाम रोड पर बीती रात चोरों ने मकान को ताला तोड कर लगभग साढे चार किलो चांदी के जेवरात, सोने के गहने, 60 हजार रुपये की नगदी समेत लाखो रूपये का सामान चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माल गोदाम रोड निवासी बिनेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मकान पर ताला लगा कर अपनी बेटी के पास चली गई थी। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर उसके कमरे से तीन सोने की चैन, चार सोने की अंगूठी, कानों की बाली, दो कड़े, चार किलो चांदी तथा 50 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। दूसरे कमरे से उसकी पुत्रवधु की अलमारी से दो जोड़ी सोने के टॉप्स, दो अंगूठी, दो चैन, दो नाथ, दो टीके, दो नोज पिन, आधा किलो चांदी तथा दस हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला चला जब बिनेश का बेटा घर पहुंचा। शहर थाना पुलिस ने बिनेश की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शुक्ल मोहल्ले में मिला कोबरा सांप



**सफीदों।** सफीदों के शुक्ल मौहल्ले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां के एक घर में कोबरा सांप निकल आया। घर के लोगों को वहां पर सांप होने की भनक जैसे ही लगी, वैसे ही उन्होंने लोगों को अवगत करवाया। सूचना मिलते ही मौहल्ले में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मामले की सूचना वाइल्ड लाइफ विभाग व स्नेकमैन सतीश फफड़ाना को दी गई। सूचना पाकर वाइल्ड लाइफ अधिकारी मनदीप व स्नेकमैन सतीश फफड़ाना मौके पर पहुंचे। सतीश फफड़ाना ने मकान की जांच की तो कोबरा सांप घर के सामान में छिपा हुआ था। सतीश ने काफी मशक्कत के बाद कोबरा को पकड़कर घर से बाहर निकाला। सतीश फफड़ाना ने वाइल्ड लाइफ अधिकारी मनदीप के साथ मिलकर कोबरा सांप को जंगल में छोड़ दिया। सांप के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। फोटो:हरिभूमि

### कंबोडिया में अच्छे पैकेज का झांसा देकर हड़पे तीन लाख

**जींद।** कंबोडिया में अच्छे पैकेज का झांसा देकर लगभग तीन लाख हडपने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति से सोने का कडा तथा अंगूठी भी एजेंटों ने छीन ली। सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पांडू पिंडारा निवासी रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति भास्कर आर्मी से रिटायर्ड है। जिसे सुलतानपुर निवासी सुनील, टोहाना निवासी रोबिन तथा नांगल निवासी नरेंद्र ने कबोडिया में अच्छे पैकेज का झांसा दे वर्कवीजा का आश्वासन दे भेज दिया। आरोपितों ने एक वर्ष तक आठ घंटे काम करने पर हर महीने 800 से 1100 डालर मिलेंगे व ओवरटाइम अलग से मिलने की बात कही। पहले उसके पति को थाईलैंड तथा बाद में कंबोडिया भेजा गया। जिसके नाम पर आरोपितों लगभग तीन लाख रुपये खर्च करवा दिए। कंबोडिया में उसके पति तथा उसके दो दोस्तों का चायनीज कंपनी के हवाले कर दिया गया।

# 11 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जली

## दो फायर बिग्रेड की गाड़ियों ने लोगों के सहयोग से पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

गांव बागडू कलां में बुधवार दोपहर को अचानक खेतों में आग भड़क उठी। हवा की तेज गति से आग खेतों में फैली तो किसानों ने अपने संसाधनों से उसे आगे बढ़ने से रोक लिया। आग की सूचना पाकर सफीदों तथा पिल्लूखेड़ा से दो फायरबिग्रेड की गाडियां मौके पर पहुंच गई ओर ग्रमीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आधा दर्जन से ज्यादा किसानों की 11 एकड़ खड़ी गेहूं फसल तथा दो एकड़ फाने जलकर राख हो चुके थे। गांव बागडू कलां खेतों में बुधवार दोपहर को अचानक आग भड़क उठी। मौके पर मौजूद किसानों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की तो हवा की तेज गति के कारण आग फैलने लगी। जिस पर ग्रामीण ट्रैक्टर तथा हैरो लेकर खेतों में पहुंच गए और आगे से खेतों की जुताई कर आग को आगे बढने से रोक लिया। सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा तथा सफीदों से फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक राजबीर, नरेंद्र, आजाद की एक-एक एकड़, सोनू की डेढ़ एकड़, काला की आधा एकड़, रोहताश की दो एकड़, जयभगवान की डेढ़ एकड़, इंद्र की तीन एकड़ गेहूं जल गई। जबकि प्रीत सिंह के दो एकड़ फाने जल गए। फिलहाल यह खुलासा नही हो पाया कि खेतो मे आग कैसे लगी।



## बिना एनओसी-टैक्स का भुगतान किए कंपनियां उठा रही फायदा

# कलायत में बिना अनुमति के लगे मोबाइल टावर



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कलायत

कलायत नगर पालिका क्षेत्र में लगे मोबाइल टावरों के पास कोई एनओसी नहीं है। इतना ही नहीं न तो इनके द्वारा कोई टावर के लिए औपचारिकता को पूरा किया गया और न ही किसी तरह का शुल्क नपा को दिया जा रहा। इस तरह इनका अपना कायदा-कानून है। इसके विपरीत आम लोगों से घरेलू-व्यवसायिक जमीन के टैक्स के साथ-साथ ब्याज नपा द्वारा वसूला जा रहा है। मोबाइल कंपनियों को सरकार द्वारा कोई छूट हासिल नहीं है। लेकिन इनको लेकर प्रशासन द्वारा गंभीरता से कार्य न करने से सरकार को मोटा चूना लग रहा है। कलायत के वार्ड तीन निवासी विक्रम सिंह द्वारा आरटीआई से मांगी गई सूचना में यह चौकाने वाला खुलासा हुआ है। उन्होंने 29 जून 2023 को नगर पालिका को आरटीआई के माध्यम से कुछ अहम जानकारियां देने के लिए आवेदन किया था। इसमें निजी कंपनियों द्वारा लगाए गए कुल मोबाइल टावरों का विवरण, कंपनियों को दी गई एनओसी, एक टावर पर एक से अधिक मोबाइल कंपनियों के क्रियाशील उपकरण व नगर पालिका द्वारा 2023 तक शहर में मोबाइल टावर कंपनियों से वसूले गए कर की जानकारी शामिल थी। जो जानकारी मांगी थी उसका कोई विवरण नगर पालिका के पास उपलब्ध नहीं है।

### नियम अनुसार दी सूचनाः सचिव

कलायत नगर पालिका सचिव पवन कुमार ने बताया कि आरटीआई आवेदक ने कुल प्रोपर्टी आईडी, प्रधानमंत्री आवास योजना व मोबाइल टावरों के संबंध में जानकारी मांगी है। इसमें छह बिंदु शामिल थे। पहले व दूसरे बिंदुओं की जानकारी दी गई है। जबकि मोबाइल टावरों की सूचना नपा के पास उपलब्ध नहीं हैं। उनके पद एवं कार्यभार संभालने से पहले ही सभी टावर लगे हैं। उनके समय में कोई मोबाइल टावर नहीं लगा।

### जीवन से खिलवाड़

विक्रम सिंह का कहना है कि इससे साफ है कि मोबाइल कंपनियां न केवल सरकार को आर्थिक रूप से चूना लगा रही हैं बल्कि मानवीय जीवन से खिलवाड़ कर रही हैं। आवासीय क्षेत्रों में घरों की छतों पर एक टावर पर कई-कई कंपनियां व्यापार कर रही हैं। इसके लिए न तो नगर पालिका द्वारा सरकार द्वारा तय नियमों की पालना करवाई जा रही और न ही टैक्स इनसे वसूला जा रहा।

# जेल में पानी की दिक्कत के चलते कैदियों ने किया खाने का बहिष्कार

- स्पलाई देने वाला ट्यूब्वैल खराब दूसरे से नही पहुंचा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला कारागार मेड्ड पानी की समस्या को लेकर बुधवार दोपहर को कैदी तथा बंदियो ने खाने का बहिष्कार कर दिया और भूख हडताल शुरू कर दी। कैदियों तथा बंदियों द्वारा खाना छोड़ने की सूचना मिलने पर जेल अधिकारी कैदियों के बीच पहुंचे और बताया कि जिस ट्यूबवैल से जेल में पानी की स्पलाई दी जाती है, वह खराब हो गया है। जिसके कारण समस्या पैदा हुई है। जल्द समस्या का समाधान हो जाएगा। अन्य मांगों के बारे में उन्होने जेल मैन्युअल के बारे में बताया। जिस पर अधिकारियों की बात पर कैदी तथा बंदी सहमत हो गए और भूख हडताल को समाप्त कर दिया। हालांकि जेल अधिकारियों ने भूख हडताल से नकारा है। साथ समस्या के बारे में भी बताया है।

### ठीक करवा रहे

जेल अधीक्षक संजीव ने बताया कि जिस ट्यूबवैल से पानी स्पलाई होता है, वह खराब है। जिससे पानी की दिक्कत है। दूसरे ट्यूबवैल से जोड़कर स्पलाई दी जा रही है। ट्यूबवैल को भी ठीक किया जा रहा। कहा कि जींस पेंट तथा हाफ पेंट अलाउड नही है। कैदियों तथा बंदियो को समस्या के बारे में बता दिया है। उन्होंने भूख हडताल से मना किया है।

## खबर संक्षेप

### दुकान का ताला तोड़कर सामान और नकदी चोरी

**जींद।** गांव निर्जन बस अड्डे पर बीती रात चोरों ने फास्ट फूड दुकान का शटर उखाड़ कर इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निर्जन निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के बस अड्डे पर फास्ट फूड की दुकान है।

### डिपो का ताला तोड़कर 35 तेल की बोतलें चोरी

**जींद।** विश्वकर्मा कालोनी में बीती रात चोरों ने राशन डिपो का ताला तोड़ कर सरसों तेल की बोतलों को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने राशन डिपो संचालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड 17 के राशन डिपो संचालक विरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके डिपो का ताला तोड़ कर 35 बोतल सरसों तेल को चोरी कर लिया।

### घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत की

**जींद।** गांव शामदों में बीती रात घर में घुस कर महिला से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने के आरोपित को महिला के परिजनों ने धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गांव शामदों निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति बाहर गया हुआ था।

### जुआ खेलते तीन पकड़े दस हजार रुपये बरामद

**जींद।** शहर थाना सफीदों के खानसर चौक के निकट ताशों के माध्यम से जुआ खेलते तीन लोगों को काबू कर उनके कब्जे से 10 हजार 600 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने पकडे.गए लोगों से पूछताछ कर रही है। सफीदों थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि खानसर चौक पर मकान के आगे कुछ लोग ताशों के माध्यम से जुआ खेल रहे हैं।

### जुलाना में रामनवमी को लेकर किया हवन

**जींद।** जुलाना कस्बे के वार्ड 10 में रामनवमी के मौके पर हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी बिरेंद्र लाठर ने शिरकत की। लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी बिरेंद्र लाठर ने कहा कि हवन का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। सनातन धर्म के अनुसार हमारे पूर्वज आदि काल से ही शुभ कार्य की शुरूआत हवन से करते हैं। हवन करने से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है।

### भामाशाह पार्क में 21 को होगी बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के भामाशाह पार्क में वंचित लोगों की एक बैठक 21 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए किलाजफरगढ़ गांव निवासी रामफल ने बताया कि जिन लोगों के राशन कार्ड नही बन रहे और परिवार पहचान पत्र में आमदनी कम नही हो रही। जरूरतमंद लोगों को मकान रिपेयर की राशि नही मिल रही है। ऐसे में जरूरतमंद लोगों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है।

### अजमीढ रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया

**जींद।** महाराजा अजमीढ सुनार जन सेवा संस्थान की ओर से बुधवार को बाजरान मोहल्ला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोनी समाज की सात विभूतियों को समाज सेवा में सराहनीय कार्यों के लिए अजमीढ रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया। संस्था के प्रधान सुरेंद्रपाल, महासचिव सुरेंद्र वर्मा, प्रचार मंत्री रमेश सोनी राजौरिया एवं रतन सिंह फौजी ने विशेष तौर से भाग लिया।

### नैना को उम्मीदवार बनाने पर जताई खुशी

**उचाना।** जजपा ने हिसार लोकसभा से नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हाईकमान का आभार प्रकट किया। कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ताओं की मीटिंग में हिसार लोकसभा से नैना को उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की थी।

---

## उपायुक्त ने किया मतगणना केंद्रों का निरीक्षण

# मतगणना व स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा के हों पुख्ता प्रबंध : मोहम्मद रजा

**जींद की मतगणना अर्जुन स्टेडियम मल्टीपर्पज हाल, जुलाना की रेसलिंग हाल व सफीदों की बैडमिंटन हाल में होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। मतगणना केंद्रों का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो : हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने आगामी लोकसभा चुनाव के तहत जिला में बनाए गए मतगणना केंद्रों का संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के साथ निरीक्षण करके वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जहां मतगणना केंद्रों का जायजा लिया वहीं स्ट्रोंग रूम सहित मतगणना से जुड़ी व्यवस्थाओं बारे तमाम जानकारी भी रिटर्निंग अधिकारियों से ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आगामी लोकसभा आमचुनाव को लेकर सोनीपत लोकसभा की मतगणना का कार्य जुलाना की अर्जुन स्टेडियम के रेसलिंग हॉल में, सफीदों की अर्जुन स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में, जींद की अर्जुन स्टेडियम के मल्टीपरपज हॉल में केंद्र स्थापित किए जाएगें। इसके अलावा हिसार लोकसभा के लिए उचाना कलां के मतों की गिनती का कार्य प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय के मल्टीपरपज में, सिरसा लोकसभा की मतों की गिनती का कार्य हिंदू कन्या महाविद्यालय के मल्टीपरपज हॉल में करवाई जाएगी। उन्होंने आज पांचों मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जो भी आवश्यक तैयारियां की जानी हैं, उन्हें समय रहते किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालयों की व्यवस्था के साथ-साथ मतगणना से जुड़ी व्यवस्थाओं जैसे काउंटरों की व्यवस्था, रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा चुनाव में लगे कर्मचारियों को ट्रेनिंग देने बारे ग्राउंड एवं हाल की व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों बारे जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने आगामी लोकसभा चुनाव के तहत जिला में बनाए गए मतगणना केंद्रों का संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रॉग रूम की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों से यह भी जाना कि किस प्रकार ईवीएम मशीनों को स्ट्रॉग रूम में रखा जाएगा एवं सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर क्या-क्या प्रबंध पहले सुनिश्चित हों।

### एलईडी स्क्रीन की हो व्यवस्था

मतगणना केंद्रों में वीवीपैट, एलईडी स्क्रीन, बैरिकेटिंग, सुरक्षा प्रबंध, सीसी टीवी इत्यादि कार्य सुचारू रूप से करें। चुनाव संबंधी कायोंर् की तैयारियों में किसी प्रकार की ढील नहीं होनी चाहिए। जो कार्य कल करना है, उसकी कसरत एक दिन पहले ही कर ली जाए ताकि यदि किसी प्रकार की कोई कमी नजर आए तो समय से पहले ही पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से हो। यह सब करना हम सबकी सांझी जिम्मेदारी हैं। इस मौके पर एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, सफीदों के एसडीएम मनीष कुमार फौगाट, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक, चुनाव तहसीलदार प्रदीप सरोहा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता आरके नैन सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### अनुपालना करवाना सुनिश्चित करवाएं

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी मतगणना केंद्रों की एवं स्ट्रॉग रूम की छतों का निरीक्षण अवश्य कर लें कि कहीं पानी की लीकेज ना हो। इसके अलावा कहीं पर भी बिजली के तार खुले ना हो। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता के निर्देश दिए कि वे स्टेडियम में वाहनों की पार्किंग के लिए व्यवस्था करें और साथ ही बसों के आने व जाने के लिए अलग से एक नया गेट बना कर रास्ता बनाएं ताकि मतगणना वाले दिन किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पडे। स्ट्रॉग रूम में किसी भी प्रकार की खिड़की खुली ना हो उसे पूरी तरह से सीमेंट की दीवार से ढंके। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पूर्व में हुए चुनाव में चुनाव आयोग की हिदायतों को ध्यान में रख कर कार्य किया गया है, उसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव में भी चुनाव आयोग के हर पहलू को ध्यान में रखकर कार्य करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि वे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जो भी सुरक्षा की दृष्टि के मापदंड हैं उनकी अनुपालना करवाना सुनिश्चित करवाएं।

---



### उपायुक्त से मिले निडाना, ललितखेड़ा के ग्रामीण

**जींद।** गांव निडाना, ललितखेड़ा सहित 11 गांवों को जुलाना उपमंडल में जोड़ने की बजाय जींद में ही रखने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से नेशनल हाईवे 152डी के फ्लाईओवर के नीचे धरना जारी है। इसी सिलसिले में ग्रामीण डीसी मोहम्मद इमरान रजा से भी मिले और उनकी आवाज सरकार तक पहुंचाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जुलाना उपमंडल बनने के बाद उनके गांवों को जुलाना में जोड़ा जा रहा हैए जबकि जींद उनके नजदीक है। निडाना के नंबरदार अनिल कुमार, डा. ईश्वर सिंह, राजपाल सिंह, ललितखेड़ा निवासी टेकराम मलिक, जिले सिंह, महीपाल, फूल कुमार, बलवान, राममेहर मलिक ने बताया कि पिछले पांच माह से ग्रामीण कभी डीसी तो कभी विधायक अमरजीत ढांडा और कभी उच्चाधिकारियों के पास चक्कर लगा रहे हैं ताकि उनके गांवों को जींद उपमंडल में ही रखा जाए। जुलाना उपमंडल में जोड़े जाने के बाद उन्हें तहसील से संबंधित कामों के लिए जुलाना जाना पड़ेगा। जिसकी दूरी भी उनके गांवों से 'यादा है तो रास्ता भी सीधे नहीं है।



### महिलाओं ने निकाली विशाल ध्वजा यात्रा

**जींद।** रामनवमी के शुभ अवसर पर बुधवार को श्री श्याम प्रचार महिला समिति जींद द्वारा शहर में विशाल ध्वजा यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैंकड़ों महिलाएं शामिल हुई जो हाथों में ध्वजा लिए जयकारे लगाते हुए आगे बढ रही थी। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। राजकुमार गोयल ने झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। सबसे पहले हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। उसके बाद निशान यात्रा का शुभारंभ बनखंड महादेव स्थित हनुमान मंदिर से किया गया। इस यात्रा में सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। महिलाओं ने जयकारे लगाते हुए और भजनों पर झूमते हुए आगे बढ रही थी। महिलाओं का जोश भी देखते ही बनता था। यहां से यह यात्रा देवीलाल चौक, अंडरपास, चक्कर रोड, जेसीज चौक, सिटी पुलिस स्टेशन, पालिका बाजार, टाउन हाल, बैंक रोड, जनता बाजार, इंदिरा बाजार होते हुए देर सायं बनखंड महादेव पहुंची जहां निशान यात्रा का समापन किया गया। रास्ते में जगह जगह पर लोगों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर सावर गर्ग, सोनू जैन, दीपक गर्ग, बजरंग गर्ग, विपुल, यश, गोपाल, मनजीत, ममता, श्री श्याम प्रचार महिला समिति की प्रधान ममता बंसल आदि मौजूद रही।

---

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना जरूरी

- रामनवमी के अवसर पर लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। कैंप में मरीजों की जांच करते डा योगेश नांदल। फोटो :हरिभूमि

जुलाना कस्बे के आरोग्यम अस्पताल में रामनवमी के अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 152 लोगों की निशुल्क जांच की गई और निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। इस मौके पर अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में ज्यादातर बुखार और पेट दर्द के मरीज पहुंचे। डा. योगेश नांदल ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए। बदलते मौसम को लेकर बीमारियां फैलने का खतरा भी 'यादा होता है। घरों में और आस पास सफाई रखें ताकि बीमारियां ना फैल सके। इस मौके पर डा. हर्षिता नांदल, बिरेंद्र लाठर, देवेंद्र लाठर आदि मौजूद रहे।

### श्री रामचंद्र ने सदैव वेद, धर्म यज्ञ-गाय की रक्षा की : राजेंद्र

**जींद।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र की जयंती रामनवमी के अवसर पर राष्ट्रीय गोशाला धडौली में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर आयोजित यज्ञ हवन में वेद मंत्रों से आहुती डलवाते हुए आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय कालवा के संचालक आचार्य राजेंद्र ने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि श्री रामचंद्र व उनके पूरे परिवार ने सदैव मर्यादाओं, धर्म, गाय व यज्ञ की रक्षा की और रामचंद्र का वंश ही गोसेवा व गाय माता के आशीर्वाद से चला। आचार्य ने बताया कि लाखों वर्ष बीत जाने के बावजूद आज भी रामायण व श्रीरामचंद्र दुनियाभर के आदर्श बने हुए हैं। हमें भी अपने जीवन को आदर्श जीवन बनाने के लिए उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनसे बताए हुए मार्ग व धर्म के मार्ग पर चलते हुए सदैव अनुशासन में रहना चाहिए। श्री राष्ट्रीय गोशाला धडौली के प्रधान यज्ञमुनी ने गोशाला की गतिविधियों व आगामी योजना पर प्रकाश डाला और चारे का सीजन होने के कारण अधिक से अधिक दान, चंदा व चारा संग्रह करने का आह्वान किया ताकि वर्षभर कार्य चल सके।

# ध्यान योग करना सबसे जरूरी

- सीआरएसयू में मेडिटेशन एंड मोटिवेशन विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सीआरएसयू में कार्यक्रम में ध्यान बारे जागरूक करते आचार्य कृष्णपाल।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग की तरफ से मेडिटेशन एंड मोटिवेशन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ौत बागपत यूपी से मोटिवेशनल स्पीकर महामंडलेश्वर आचार्य कृष्णपाल विश्रुतपाणि ने वक्ता के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में देवालय संघ के संस्थापक डा. वेद प्रकाश गुप्ता, डा. सोहनवीर सिंह, ओशो सन्यासी डा. केके त्यागी, डा. रजनीकांत तिवारी और डा. धर्मेंद्र मिश्रा रहे। सहायक प्राध्यापक योग विज्ञान विभाग डा. वीरेंद्र कुमार ने विश्वविद्यालय की प्रगति और योग विज्ञान विभाग की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है और एकाग्रता ध्यान से बढ़ती है। अतः इसके लिए ध्यान योग करना सबसे जरूरी है। महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण ने मैडिटेशन एंड मोटिवेशन के बारे में भगवान बुद्ध, महावीर स्वामी, भगत सिंह व अन्य महापुरुषों के उदाहरण देते हुए बताया कि यदि स्वयं भगवान ने भी धरती पर जन्म लिया है तो उनको भी ध्यान की प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ा है तभी उनको ज्ञान की प्राप्ति हुई थी।

---



जींद। वैष्णवी धाम में आयोजित नर्वाण महायज्ञ में आहुति डालते श्रद्धालु।

### नर्वाण महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुति

**जींद।** परमात्मा न स्त्री है, न पुरूष है। जैसा जिसका भाव हो, उसे वैसा ही वह दीखता है। अतः जिस भी भाव से उनका भजन करोगे, उसी स्वरूप में उनकी प्राप्ति हो जाएगी। यह वाक्य आचार्य पवन शर्मा ने माता वैष्णवी धाम में दुर्गाष्टमी की रात उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष अपने प्रवचन में कहे। पूर्व एडिशनल आईजी डीएन बेनीवाल, जैन हस्पताल के ट्रस्टी एससी जैन, पूर्व एजीएम एसबीआई अजय सिंगला, अशोक लखीना, भाल सिंह, पूर्ण गिरधर, सतीश जैन ने सपरिवार भगवती महागौरी की पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति अर्पित की। आचार्य ने कहा कि प्रभु तक पहुंचने के लिए मातृ भाव सर्वाधिक सरल है। पुत्र चोर हो, व्यभिचारी अथवा जुआरी हो, अवज्ञाकारी हो, मां को कष्ट देने वाला हो, बुरे से बुरा हो, किन्तु माता का स्नेह पुत्र के लिये किसी काल में भी कम नहीं होता। पुत्र कुपुत्र हो सकता है किंतु माता कभी भी कुमाता नहीं हो सकती। और हमारी मां पराम्बा तो माताओं की भी माता है तो क्यों न हम उन्हें अनन्यभाव से पुकारें। एक बार सच्चे हृदय से पूर्ण आद्रता के साथ उन्हें पुकार कर तो देखो वे आए बिना रूकेंगी नहीं। रोहित आहुजा, सुरेश कोचर, सोमनाथ लखीना, कार्तिकेय शर्मा, अश्विनी वधवा, सूरज नागपाल, तिलक मौजूद रहे।

# सत्यनारायण एसो. के प्रधान मनोनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक में भाग लेते हुए रिटायर्ड कर्मी। फोटो :हरिभूमि

रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन ब्लॉक उचाना की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर हनुमान मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चुनाव के लिए जिला इकाई की तरफ से दलवीर रेढू तथा शीशपाल लोहान ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई और जिला प्रधान किताब सिंह भनवाला व जिला वरिष्ठ उपप्रान खजान सिंह खटकड़ ने विशेष भाग लिया।

सर्वप्रथम ब्लॉक महासचिव जयसिंह कटारिया ने गत तीन वषोंर् की गतिविधियों ब्यौरा दिया और कोषाध्यक्ष धर्मपाल ने तीन वषोंर् की आय व व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जो सर्वसम्मति से पास किया गया। तत्पश्चात पर्यबेक्षक शीशपाल लोहान ने चुनाव प्रक्रिया शुरू करवाई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रधान सत्यनारायण वर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान कर्मचंद, उप प्रधान सुबे सिंह, महासचिव जयसिंह कटारिया, कोषाध्यक्ष मांगेराम, सहसचिव धर्मपाल, प्रेस सचिव रामचंद्र, मुख्य सलाहकार धूपसिंह खटकड़, सलाहकार गोपीराम मनोनित हुए। शेष कार्यकारिणी का गठन करने का अधिकार प्रधान, वरिष्ठ उप प्रधान तथा महासचिव को दिया गया। बैठक में किताब सिंह भनवाला, खजान सिंह खटकड़, दलवीर रेढू तथा शीशपाल लोहान मौजूद रहे।



उचाना। झील में ग्रामीणों को संबोधित करते सुनैना चौटाला। फोटो :हरिभूमि

### कुर्सी में चक्कर में बदल रही विचार धारा : चौटाला

**उचाना।** एक दिवसीय दौरे के तहत इनेलो उम्मीदवार सुनैना चौटाला ने हलके के एक दर्जन से अधिक गांवों के दौरे किए। यहां पहुंचने पर उनका ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कई गांवों में खुद कार्यक्रम स्थल तक ट्रैक्टर चला कर सुनैना चौटाला पहुंची। ग्रामीणों को संबोधित करते सुनैना चौटाला ने कहा कि एक विधायक बन जाता है, एक एमपी बन जाता है फूल पकड़ कर। जब उनकी विचार धारा बीजेपी से मिल जाती है। आज उनकी विचारधारा कांग्रेस से मिल रही है। आजाद उम्मीदवार जीतने से पहले बीजेपी से विचार धारा नहीं मिलती। चुनाव लड़ने की बात आए तो भाजपा से विचार धारा मिल जाती है। ये लोग सिर्फ कुर्सी के चक्कर में है। इनको सिर्फ कुर्सी चाहिए। कुर्सी के चक्कर में इनकी विचारधारा बदल जाती है। कहा कि जिन नेताओं की पंद्रह मिनट में विचारधारा बदल जाए उन पर कैसे यकीन किया जा सकता है। इनेलो पार्टी नहीं बल्कि स्व. देवीलाल ने एक विचारधारा बनाई है। इस विचारधारा को पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के हवाले किया।

---

## ईसाई मशीनरी के द्वारा धर्म परिवर्तन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही : मंगला

# श्रीराम जन्मोत्सव पर निकाली बाइक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



यात्रा शुरू करने से पहले भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेते विहिप कार्यकर्ता।



विश्व हिंदू परिषद द्वारा बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य बाइक यात्रा का आयोजन किया गया। इस बाइक यात्रा में शहर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने सहभागिता की। श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद यह पहला रामनवमी का उत्सव है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक महेश मंगला ने कहा कि हिंदू शक्ति संगठित हो रही है। हम ईसाई मशीनरी के द्वारा धर्म परिवर्तन के प्रयासों पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि ईसाई मशीनरी द्वारा धर्म परिवर्तन के प्रयासों पर नजर रखे, नही तो बजरंग दल उन प्रयासों को रोकेगा। दीपित मित्तल व जिलाध्यक्ष सुशील सिंगला ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि रामनवमी का पर्व शुक्ल पक्ष या हिंदू चंद्र वर्ष की चैत्र महीने की नवमी पर मनाया जाता है। यह पर्व भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरूषोत्तम राम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। इसदिन को रामनवमी भी कहा जाता है। प्रांत उपाध्यक्ष राधेश्याम चिल्लाना ने कहा कि रामनवमी का व्रत करने से व्यक्ति के ज्ञान में वृद्धि होती है। उसकी धैर्य शक्ति का विस्तार होता है। जब इस व्रत को निष्काम भाव से किया जाता है तो इस व्रत का फल सबसे अधिक मिलता है। इस मौके पर प्रांत सहसंयोजक हरीश रामकली, नवीन जैन, विशाल, भरत, रविंद्र, महावीर बिरौली, आशीष सिंगला, शशि, मीरा बबीता, दिनेश, विजय, मुनेंद्र वर्मा, प्रवीण, मोहित सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



उचाना। टी–20 क्रिकेट में विजेता हसनगढ़ की टीम। फोटो :हरिभूमि

### करसिंधु में टी-20 क्रिकेट में हसनगढ़ बना चैंपियन

**उचाना।** करसिंधु के स्व. राजेश खटकड़ की याद में प्रतियोगिता आयोजित हुई टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में हसनगढ़ की टीम चैंपियन बनी। करसिंधु गांव के खेल स्टेडियम में आयोजित फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए हसनगढ़ की टीम ने 20 ओवरों में 248 रनों का विशाल स्कोर बनाया। निर्धारित स्कोर का पीछे करते हुए करसिंधु की टीम 148 रनों पर आउट हो गई। विजेताओं को समाज सेवी एवं प्रोपर्टी डीलर एसोसिएशन उचाना प्रधान वीरेंद्र करसिंधु ने पुरस्कृत किया। विजेता टीम को 21 हजार रुपए एवं ट्राफी, द्वितीय स्थान पर रही टीम को 11 हजार रुपए एवं ट्राफी दी गई। मैन ऑफ दा मैच, मैन ऑफ दा सीरिज, बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार भी दिया गया। वीरेंद्र करसिंधु ने कहा कि भाई स्व. राजेश खटकड़ की याद में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। युवाओं को चाहिए कि वो कबड्डी, कुश्ती सहित अन्य जो खेल में उसमें भी रूचि ले। खेलों में हिस्सा लेने से प्रतिस्पर्धा की भावना मन में पैदा होती है। हर कोई विजेता नहीं बन सकता। जीतने से हमें कुछ सीखने को मिले ना मिले लेकिन हार से सीखने को मिलता है। खेलने से शरीर भी स्वस्थ रहता है। इस मौके पर धोला खटकड़, बीपी खटकड़, धीरा शर्मा, पवन सुरबरा, सोमबीर करसिंधु, षि श्योकंद, मंजीत माजरा, प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## मत प्रयोग करने के लिए छात्राओं को किया प्रेरित

**गुहला-चीका।** आज कन्या महाविद्यालय चीका में आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव के अंतर्गत 18 वर्ष के बच्चों को मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया । जिसके अंतर्गत विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य बृज भूषण जिंदल के नेतृत्व में की गई ।

## सट्टा खाईवाली करते एक पकड़ा, नकदी बरामद

**कैथल।** सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत थाना पूंडरी पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 3750 रुपये नकदी बरामद हुई।

## राजौंदः वार्ड नंबर 7-8 में सफाई व्यवस्था चरमराई

**राजौंद।** नगर के वार्ड नंबर 7 व 8 में लगातार सफाई न होने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। जिसे लेकर लोगों में भारी रोष है। लोगों ने कहा कि बार-बार प्रशासन को कहने के बावजूद भी इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। वार्ड की पार्षद कर्मवति ने कहा कि लगातार नगर पालिका प्रशासन में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को बार-बार कहा गया लेकिन सफाई व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

## नई वोट बनवाने के लिए 26 तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट व मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। 18 व 19 वर्ष के ऐसे युवा जिनका नाम अभी तक मतदाता सूचियों में दर्ज नही है, वे सभी आगामी 26 अप्रैल तक अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवाने के लिए ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## महिला का बैग काटकर 50 हजार रुपये चुराए

**कैथल।** बैंक से रुपये निकलवाकर ऑटो में घर जा रही महिला का बैग काटकर तीन लड़कियां 50 हजार रुपये, बैंक की पासबुक व चेक बुक चोरी कर ले गई। पुलिस ने लड़कियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव जगदीशपुरा निवासी चरणजीत कौर ने शहर थाना में शिकायत दी।

### रामनवमी के अवसर पर विभिन्न जगह भव्य कार्यक्रमों का किया आयोजन

# भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर

साधक श्याम सुंदर गोड ने दुनिया चले ना श्री राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना गाया तब सारा पंडाल भक्ति रंग में सरोबार हो गया।


कैथल। रामनवमी कार्यक्रम का शुभारंभ करते भाजपा नेता अजीत चहल।


कैथल। सुंदरकांड का पाठ करती महिलाएं। फोटो :हरिभूमि



गुहला चीका । रामनवमी का पर्व हवन यज्ञ आहुति डालकर मनाते हुए पतंजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कोठी गेट स्थित श्री सनातन धर्म सभा के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर भाजपा नेता अजीत चहल ने शिरकत की तथा अध्यक्षता सभा के प्रधान रवि भूषण गर्ग ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम, माता सीता एवं हनुमान जी के चरणों में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विधिवत रूप से संगीतमय सुंदरकांड पाठ आरंभ हुआ। इस पाठ में 151 महिलाओं के द्वारा एक साथ हनुमान जी का गुणगान किया गया। सुंदरकांड की समाप्ति पर शहर के मुख्य संगीत साधकों के द्वारा अपने भजनों के माध्यम से प्रभु श्री राम के चरणों में हाजिरी लगाई । संगीत साधक श्याम सुंदर गोड द्वारा दुनिया चले ना श्री राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना गाया गया तब सारा पंडाल भक्ति रंग में सरोबार हो गया। वही संगीत साधक विश्वाजीत के द्वारा मेरे घर राम आए हैं सजा दो घर को गुलशन सा मेरे घर राम आए तब पंडाल में भगवान राम के जय कारे गूंज उठे। अजीत चहल ने कहा कि सनातन धर्म सभा समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपना अतुलनीय योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि सभा के द्वारा चलाए जा रहे सेवा प्रकल्प अपने आप में अति विशेष है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सभा के प्रधान रवि भूषण गर्ग एवं उनकी पूरी टीम अपनी इस सेवा से समाज को रोशनी देने का काम कर रही है। सभा के प्रधान रवि भूषण ने आए हुए सभी भक्तजनों का कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद किया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश गोयल, प्रेम सिंगला, रमेश बंसल टाटी, रघुवीर गर्ग, पवन गर्ग, वीरेंद्र मोर, हरि मिश्रा, प्रवेश बंसल, अनिल गर्ग सुभाष गोयल,मौजूद रहे।

### सगीतज्ञों को संगीत रत्न से किया सम्मानित

सनातन धर्म सभा द्वारा कार्यक्रम में शहर के प्रमुख संगीतज्ञों को संगीत रत्न से सम्मानित किया गया। संगीत रत्न प्राप्त करने वालों में श्याम सुंदर गौड, विश्वजीत रोहिला, वंदना शर्मा, भोला राम रबारी सहित दर्जनों शामिल हुए।

### सभा की अनोखी पहल

रामनवमी के अवसर पर सुंदरकांड में भाग लेने वाली दो भाग्यशाली महिलाओं को सभा द्वारा की गई पहल के अनुसार चांदी के रामलला दिए गए। जिसे पाकर महिलाएं अत्यंत भावुक नजर आई। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर उनके घर में प्रभु राम का आगमन भाग्यशाली है।

### कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करें : हरिओम

गुहला-चीका। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की ओर से विश्वकर्मा मंदिर चीका में आर्य निर्मात्री सभा व पतंजलि एंव भारत-स्वाभिमान ट्रस्ट के सदस्यों ने रामनवमी के उपलक्ष्य में हवन-यज्ञ का आयोजन किया। रामनवमी का पर्व भारतीय संस्कृति के प्रतीक श्रीराम विषय पर पतंजलि जिलाध्यक्ष मास्टर हरिओम शोकल ने बड़े उत्साह व श्रद्धा के साथ अपने विचार रखे। सत्यार्थ प्रकाश भजनों के साथ रामनवमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने लोगों को भगवान श्री राम के बताए हुए मार्ग पर चलते उनका अनुसरण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस तरह भगवान श्री राम ने असुरों का वध करके श्रीलंका एवं जंगल में अमन चैन बहाल किया, उसी तरह भगवान श्रीराम से रामनवमी पर्व पर प्रेरणा लेकर हमें समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिन को राम जन्मोत्सव के रुप में मनाया जाने लगा है। इस दिन मठों और मंदिरों में यज्ञ, हवन और भंडारे किए जाते हैं। राम नवमी के महात्म्य की बात करें तो इस दिन घर में पूजा पाठ करने और हवन करने से घर में सुख और संपन्नता बढ़ती है और माता लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं। यज्ञ प्रभारी पंडित सत्यवीर शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ सभी पतंजलि सदस्यों ने हवन यज्ञ में आहूति डालकर मंगल कामनाएं की। इस मौके पर पतंजलि युवा तहसील प्रभारी गुरमीत सीड़ा, जयभगवान इंद्रमोहन मित्तल, ईश्वर चंद ने भी संबोधित किया। इस अवसर महावीर प्रजापत, डिंपल, हर्षित शर्मा, अमित जिंदल दीपक कुमार अंगुरी देवी भी मौजूद रहे।

### साईं भक्त सेवा समिति ने रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली

**गुहला-चीका।** रामनवमी के अवसर पर चीका शहर में श्री शिर्डी साईं सेवा कुंज द्वारा भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। श्री शिर्डी सांई सेवा कुंज धार्मिक मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष गर्ग ने बताया कि बुधवार को रामनवमी के अवसर पर शाम 4 बजे सांई बाबा की भव्य पालकी यात्रा लाव-लश्कर के साथ निकाली गई।सांई बाबा की इस यात्रा में शिर्डी से लाई गई विशाल शॉल भी भक्तों के दर्शनाथ यात्रा में रही।इसके साथ ही शोभायात्रा में बैंड-बाजे, घोड़े-बग्घी, लवाजमा, छत्र, झांज-मंजीरा पार्टी, झांकी के साथ ही बाबा का स्वरुप रहा जो पूरे यात्रा मार्ग में आकर्षण का केंद्र रहा।यात्रा मार्ग में 50 से ज्यादा विभिन्न संगठनों द्वारा यात्रा का स्वागत भी किया गया। शहर के सांई भक्त सेवा समिति द्वारा बुधवार को रामनवमी पर साई मंदिर से शाम 4 बजे सांई बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आशीष गर्ग ने बताया कि इस साल यह यात्रा साई मंदिर से निकाली गई।समिति सदस्यों व पदाधिकारियों का कहना है कि अग्रवाल धर्मशाला से सांई बाबा की शोभायात्रा निकलने से ट्रैफिक बाधित होता था साथ ही आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी होती थी। इसे देखते हुए ये शोभायात्रा साईं मंदिर से निकाली जा रही है। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, भगवा ध्वज, पालकी, राम दरबार की झांकी सहित अन्य देवी-देवताओं की झांकी के साथ ही बाबा की चरण पादूका एवं सैकड़ों भक्त अपने हाथों से झाड़ू थाम स्वच्छता का संदेश देते हुए शामिल हुए।



### रामनवमी पर स्वर्ग द्वार मंदिर में हवन और भंडारे का आयोजन



**सीवन।** सीवन के स्वर्ग द्वार शिव मन्दिर में राम नवमी के पावन अवसर पर हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह के समय मन्दिर में हवन किया गया। बंसल परिवार की ओर से आयोजित इस हवन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति डाली। सीवन के बंसल परिवार की ओर से हर वर्ष यह आयोजन करवाया जाता है। हवन प्रकांड पंडित रमेश शास्त्री द्वारा करवाया गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की सं या में क्षेत्र के लोगों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। मन्दिर के महंत ओम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि राम नवमी के उपलक्ष्य में यह हवन किया गया है। हवन करने से वातावरण शुद्ध रहता है। हमारी संस्कृति में हवन का विशेष महत्व बताया गया है। सभी को हवन में अवश्य भाग लेना चाहिए। हवन से क्षेत्र में भाईचारा बने रहने की कामना की गई।

### रामनवमी का पावन त्योहार बड़ी धूमधाम श्रद्धा-उत्साह से मनाया



**कैथल।** हर साल राम नवमी के त्योहार को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है । इस दिन घर और मंदिरों में प्रभु की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। मान्यता है कि चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान विष्णु ने भगवान श्रीराम के रूप में अवतार लिया था। प्रभु राम राजा दशरथ और रानी कौशल्या के घर अवतरित हुए थे।रामनवमी के त्यौहार का महत्व हिन्दू धर्म सभ्यता में महत्वपूर्ण रहा है। इस पर्व के साथ ही माँ दुर्गा के नवरात्रों का समापन भी होता है। हिन्दू धर्म में रामनवमी के दिन पूजा अर्चना की जाती है। कैथल में आज राम नवमी का त्योहार बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। राम नवमी का त्योहार कैथल के साई मंदिर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भारी संख्या में पुरुष और महिला श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंच कर भगवान श्री राम ,सीता माता , लक्ष्मण और हनुमान जी की प्रतिमाओं को भव्य ढंग से सजाया गया और बड़ी श्रद्धा से आरती करके पूजा अर्चना की गई। साई मंदिर परिसर को भी फूलो से भव्य ढंग से सजाया गया।

### राजौंद के मेन बाजार में रामनवमी पर लगाया भंडारा




**राजौंद।** बस पुराने बस अड्डे पर मेन बाजार के दुकानदारों ने रामनवमी पर भंडारे का आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। दुकानदारों ने बताया वह कि प्रतिवर्ष रामनवमी पर भगवान राम को समर्पित भंडारे का आयोजन करते हैं। इसमें भगवान को अर्पित भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाता है। दुकानदारों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी मार्ग से गुजरने वाले हर वाहन को रोक-रोक कर प्रसाद वितरित किया जा रहा था। जिससे लोगों के साथ-साथ नगर से गुजरने वाले वाहन चालकों ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान दुकानदार राहुल छाबड़ा पयूस भनोट, रवि कुमार रिंकू कुमार सुमीत शर्मा सहित कई अन्य दुकानदार मौजूद रहे।

### हिंदू संस्कृति का आधार भगवान राम : निर्मल



**राजौंद।** रामनवमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा भजनों व कीर्तन के माध्यम से अर्चना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजौंद पालक के रूप में पहुंचे विहिप के जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल ने कहा कि भगवान राम हिंदू संस्कृति का आधार हैं। उन्होंने जिन मान्यताओं व मूल्यों का प्रतिपादन किया वे सृष्टि रहते तक अनुकरणीय रहेंगी। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में रामनवमी उत्सव मनाया जा रहा है। केवल देश ही नहीं बल्कि दुनिया के अनेक देशों में भी रामनवमी के अवसर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम पांच सौ वषार्ें के बाद मंदिर में विराजमान हुए हैं। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला अवसर है कि रामनवमी उत्सव का अयोध्या में भव्य आयोजन किया जा रहा है। सूर्यवंशी भगवान राम के मस्तक पर उनके जन्म के समय पर सूर्य के नीले प्रकाश के साथ तिलक किया गया जो भगवान के प्रति हिंदू जनमानस की भावनाओं को दर्शाता है।

### वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर किया जा सकता है मतदान : प्रशांत पंवार

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि पूरे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की अलग पहचान स्थापित है। भारत में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नही। यदि मतदाता के पास किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है। बड़े पर्व का आगाज चुनाव का शेडयूल जारी होने के साथ ही हो गया है। वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची होना जरूरी है। मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो है।

### कैथल : दो लाख 29 हजार 694 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

**कैथल।** मौसम सही होने के चलते अनाज मंडियों में धान की आवक पूरी तरह से जोर पकड गई है। मंगलवार तक जिला में विभिन्न एजैंसियों द्वारा गत दिवस तक 2 लाख 29 हजार 694 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 57 हजार 996 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 1 लाख 11 हजार 761 हैफेड द्वारा तथा 59 हजार 937 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोपोरेशन द्वारा खरीदा गया है।


कैथल। शिविर में योगासन करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### संस्कृत विश्वविद्यालय ने चलाया योग शिविर अभियान

**कैथल।** महर्षि वाल्मिकी संस्कृत विश्वविद्यालय के कर्मठ कुलपति प्रोफेसर रमेश चन्द्र भारद्वाज के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय समाज कार्यों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है । योग विभाग के छात्र अपने गांव या आसपास के स्कूलों में इन शिविरों आयोजन कर रहे हैं । इस श्रृंखला में अंकिता योग डिप्लोमा की विद्यार्थी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय, फतेहपुर, पुण्डरी में तीन दिवसीय योग शिविर लगाया। सोनिया योग डिप्लोमा की विद्यार्थी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय पुंडरी में योग शिविर लगाया ।इसी प्रकार काजल योग डिप्लोमा की विद्यार्थी ने राजकीय माध्यमिक कन्या विद्यालय फतेहपुर पुंडरी में लगाया। सौरव योग डिप्लोमा ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुंडरी में योग शिविर लगाया एवं गोविंद योग डिप्लोमा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय पुंडरी कैथल में योग शिविर लगाया। सतपाल योग डिप्लोमा ने गणेशानंद सनातन धर्म विद्यालय, उच्चाना मंडी, जींद में लगाया। योग विभाग के सभी अध्यापक इस कार्य को पूर्ण करने में निरंतर प्रयासरत हैं ।

### लोकतंत्र प्रणाली में है जनता सर्वोपरिः डीसी

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस उत्सव में मतदान करके देश के प्रति अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन करें।

उन्होंने जिला के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है।

## नशे के खिलाफ किया जागरूक

- नशा किसी के लिए भी नहीं है हितकारी : एचसी सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार द्वारा अभियान तहत अनाज मंडी कैथल में किसानों मजदूरों सहित आमजन को नशा न करने बारे तथा नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा इस दौरान जानकारी दी गई कि नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज हीनता की दृष्टि से देखता है। इसलिए किसी को किसी प्रकार के नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए। अपराधो की जड़ भी नशा ही है। नशा करना वाला व्यक्ति अपने खुद के साथ साथ परिवार को भी बर्बाद कर देता है। बच्चो को जागरूक करें कि पढाई व खेलों में ध्यान लगाकर मेहनत कर राष्ट्र निर्माण में योगदान करें।



कैथल। मजदूरों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## अनाज का उठान धीमा होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


बजरंग दास गर्ग

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपने मंडी के दौरे पर आढ़ती व किसानों से बातचीत करने के उपरांत कहा कि सरकारी अधिकारी व अनाज उठान के ठेकेदारों की लापरवाही के कारण मंडियां पूरी तरह गेहूं से भरी हुई है और मंडियों के बाहर लंबी-लंबी लाईन अनाज से भरी हुई ट्रालियों की लगी हुई है।

बरसात का मौसम होने के कारण पहले भी किसान की लाखों टन गेहूं व सरसों खराब हो गई है और मौसम विभाग के अनुसार आगे भी बारिश आने की संभावना जताई गई है। मंडियों में लगभग 30 लाख एमटी टन गेहूं आ चुकी है। गेहूं का उठान अब तक 10 प्रतिशत तक भी नहीं हुआ है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अनाज उठान के ठेकेदार पैसे लेने के चक्कर में जानबूझकर गेहूं का उठान करने में देरी कर रहे हैं। कई मंडियों से आढ़तियों ने बताया कि गेहूं उठान के नाम पर ठेकेदार 3 से लेकर 5 रुपए प्रति कट्टा तक मांग रहे हैं, जिसके कारण गेहूं उठान में देरी हो रही है।

**आयोजन** विश्व हीमोफिलिया दिवस पर लगाया फ्री मेडिकल कैंप

# निशुल्क सामान्य चिकित्सा शिविर में 127 मरीजों की जांच कर दिया परामर्श

हीमोफिलिया और रक्त संबंधी विकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

डीआरजैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी सपेसिलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा विश्व हीमोफिलिया दिवस पर गुरुद्वारा श्री अचिंतगढ़ साहिब पातशाही 10वीं गांव लुखी में निशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। कैंप में ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने कहा कि इस दिन का महत्व हीमोफिलिया और रक्त संबंधी विकारों वाले लोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए है। दुनिया भर में भारी संख्या में लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं। यह बीमारी रक्त में थ्राम्बोप्लास्टिन नामक पदार्थ की कमी से होती है। थ्राम्बोप्लास्टिक में खून को तुरंत थक्का में बदल देने की क्षमता होती है। खून में इसके न होने से खून का बहना बंद नहीं होता है, जिससे व्यक्ति की जान भी जा सकती है। गंभीर रोगियों में मांसपेशियों, जोड़ों और शरीर के अन्य हिस्सों में रक्तस्त्राव हो सकता है। यह एक विरासत में मिली बीमारी है, जो रोगी को उसके माता-पिता से मिलती है।




इसलिए जल्दी पता लगने से रोगी को बीमारी के बारे में सावधान रहने और सावधानी बरतने में मदद मिल सकती है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को गंभीर हीमोफिलिया है, उनके लिए सिर पर एक साधारण टक्कर मात्र से भी मस्तिष्क में रक्तस्त्राव का कारण बन सकती है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जत्थेदार बाबा गुरमुख सिंह, सेवादार गुरजन्ट सिंह, बाबा अर्जुन सिंह, बूटा सिंह मौजूद रहे।

## कालेज बनाओ समिति का धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट हटाओ, कालेज बना समिति का धरना बुधवार को 83वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने को संबोधित करते हुए समिति के प्रधान राकेश राणा ने कहा कि सरकार अहंकारी नहीं होनी चाहिए। जो सरकार अहंकार में डूब जाती है उसका पतन भी होना निश्चित है। एक कहावत है रोटी को दोनों तरफ से यानी पलट पलट कर सेकना चाहिए। एक तरफ से सीखने से रोटी तैयार नहीं होती।

भाजपा अगर तीसरी बार सत्ता में आती है तो जनमत का अनादर करने में भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी जिसका जीता जागता उदाहरण है कि राजौंद शहर। यहां के लोग पिछले 83 वे दिन से सीवरेज हटाओ कॉलेज बनाओ को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं लेकिन सरकार टस से मस नहीं हुई इसलिए धरना समिति ने 1 म ई 2024 को रोष स्वरूप राजौंद के चारों तरफ लगते 30 गांव में 1000 ट्रैक्टर रैली निकालने का फैसला किया है। 1 मई के बाद सरकार से कॉलेज को लेकर कोई बात नहीं की जाएगी भविष्य में आने वाली सरकार से कॉलेज बनवाया जाएगा। राजौंद में भाजपा के नेताओं को घुसने नहीं दिया जाएगा।



राजौंद। धरना देते समिति के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### अज्ञात व्यक्ति ने घर में लगाई आग, केस दर्ज

**कैथल।** गांव कैलरम में अज्ञात आरोपी ने एक व्यक्ति के घर में आग लगा दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी कृष्ण ने कलायत थाना में शिकायत दी कि 15 अप्रैल को रात के समय अज्ञात आरोपी ने उसके मकान में आग लगा दी। गनीमत रही कि उन्होंने मौके पर संभाल कर ली, जिससे ज्यादा नुकसान होने से बच गया।

### अश्लील इशारे कर दी जान से मारने की धमकी

**कैथल ।** तितरम थाना के तहत आने वाले एक गांव में दो आरोपियों ने किशोरी को अश्लील इशारे किए और जान से मारने की धमकी दी। 17 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को शिकायत दी कि नौ अप्रैल को वह गांव में ही गली में जा रही थी। वहां पर आरोपी कुलदीप व एक दूध बेचने वाले ने उसे अश्लील ईशारे किए। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### भारत विकास परिषद ने 60 कन्याओं का पूजन किया

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर पूंडरी द्वारा रामनवमी के अवसर पर बाल्मीकि चौपाल पूडरी में 60 कन्याओं का कन्या पूजन किया गया, जो परिषद सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ। सभी कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जी.एन.एम. निधि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से हुई।

### सृष्टि का खोया-खोया चांद कार्यक्रम 28 को

**जींद।** शहर की जानी मानी समाजसेवी संस्था सृष्टि फाउंडेशन द्वारा शहर में 28 अप्रैल रविवार को सायं सात बजे गजलों भरी एक बेहद दिलकश महफिल खोया-खोया चांद कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। सृष्टि फाउंडेशन के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार यह कार्यक्रम शहर के अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सायं सात बजे शुरू होगा। सृष्टि

### दूधाधारी बाबा राम गिरि से अशोक ने लिया आशीर्वाद

**पूंडरी।** चैत्र नवरात्रि समापन व रामनवमी के उपलक्ष पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांव की सीमा पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर साधवाला में 9 दिवसीय अनुष्ठान रखा गया और समापन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अनुष्ठान समापन पर भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने मंदिर में मां की घ्वजा फहराकर हवन में पूर्णआहुती डाली।

# ....अमरनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह, अब तक 76 लोगों ने करवाया मेडिकल

- प्रतिदिन नागरिक अस्पताल में मेडिकल करवाने आ रहे 10 से 15 श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अमरनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में हर वर्ष उत्साह बढ़ रहा है। इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रतिदिन अस्पताल में अमरनाथ जाने के लिए जरूरी मेडिकल को करवाने के लिए 15 लोग पहुंच रहे हैं। वर्ष 2022 में जहां केवल 85 लोग अमरनाथ गए थे। जबकि वर्ष 2023 में अबतक 400 से अधिक लोगों ने मेडिकल करवाया था। वहीं वर्ष 2024 में केवल दो दिन में ही अबतक 76 लोग मेडिकल को लेकर रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। इस साल अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होने जा रही है जोकि 19 अगस्त को समाप्त होगी। यात्रा के लिए 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यात्रा में 13 से कम और 70 साल से 'यादा उम्र के लोग शामिल नहीं हो सकते हैं। इसके अलावा छह सप्ताह से अधिक गर्भवती महिलाएं भी इस यात्रा पर नहीं जा सकती हैं।


**जींद।** अमरनाथ यात्रा के लिए मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र बनवाने पहुंचे श्रद्धालु।

**यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं को करना होगा रजिस्ट्रेशन:** यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन एक जरूरी प्रक्रिया होती है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही ऑप्शन्स के माध्यम से होती है। अमरनाथ यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फीस प्रति व्यक्ति 150 रुपये निर्धारित की गई है। अमरनाथ यात्रा 2024 के लिए वेबसाइट पर मौजूद बैंक शाखाओं के माध्यम से इस फीस का भुगतान किया जा सकता है।

**यह है ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया:** सबसे पहले श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट जेकेएसएएसबी डॉट इन पर जाना होता है। यहां मेन्यू में ऑनलाइन सर्विस पर क्लिक करना होगा। इसके बाद यात्रा परमिट रजिस्ट्रेशन पर जाना होगा। फिर आई एग्री पर क्लिक कर रजिस्टर पर क्लिक करना होगा। यहां श्रद्धालु को अपनी जानकारी भर कर सबमिट करना होगा। इसके बाद रजिस्ट्रड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। ओटीपी आने के बाद आवेदन की फीस ऑनलाइन ट्रांसफर कर जमा करें। इसके बाद रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होगी। सबसे बाद में यात्रा का परमिट डाउनलोड कर लें।

### यह है ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

जम्मू-कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और यस बैंक की शाखा में श्रद्धालु पंजीकरण करवा सकते हैं। अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को जितने व्यक्ति साथ यात्रा के लिए जा रहे हैं उनकी फोटो, यात्रा पंजीकरण की 250 रुपये प्रति यात्री फीस, ग्रुप लीडर का नाम, मोबाइल फोन नंबर और ई-मेल सहित पते की जरूरत होगी। पोस्टल चार्जेस एक से पांच श्रद्धालुओं के 50 रुपये, छह से लेकर 10 तक श्रद्धालुओं के लिए 100 रुपये, 11 से 15 तक के लिए 150 रुपये, 16 से 20 तक के लिए 200 रुपये, 21 से 25 के लिए 250 रुपये और 26 से 30 के लिए 300 रुपये होंगे। इसके अलावा आठ अप्रैल के बाद का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र वैध माना जाएगा। अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण फीस व पोस्टल चार्ज श्री अमरनाथ जी श्राइन के मुख्य अकाउंट अधिकारी के नाम भेजने होंगे।

### श्रद्धालुओं की मेडिकल प्रक्रिया जारी : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चिकित्सकों का एक पैनल बनाया गया है। चिकित्सक जांच के बाद तुरंत श्रद्धालुओं को प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाता है। अमरनाथ यात्रा के लिए इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 'यादा रहेगी। नागरिक अस्पताल में अबतक 76 श्रद्धालु अपना मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र बनवा चुके हैं।

### अमरनाथ यात्रा के लिए जरूरी बातें

अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए श्रद्धालु को अपने पांच पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड या फिर वोटर कार्ड, मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र लेकर जाना जरूरी है। इसके लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी होता है। जिन लोगों को ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, जॉइंट पेन, सांस की बीमारी या मिर्गी के दौरे आते हों, वह श्रद्धालु यात्रा नहीं कर सकता। इसके अलावा छह सप्ताह या उससे 'यादा की गर्भवति महिला भी अमरनाथ यात्रा नहीं कर सकती। इसमें 13 से 70 साल के लोग यात्रा कर सकते हैं।

## गोदाम पर नमी के नाम पर गेहूं के ट्रक वापस भेजने के लगाए आरोप

**आक्रोश:** यार्ड का गेट को बंद करके रोष जताया

# छातर में आढ़तियों ने गेहूं की लोडिंग कर दी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

छातर सब यार्ड पर आढ़तियों ने गेहूं के बैगों की लोडिंग को बंद करते हुए गेट बंद करके रोष प्रकट किया। आढ़तियों ने कहा कि करसिंधु-छातर रोड पर जो गोदाम है जिसमें छातर सब यार्ड की गेहूं जाती है वहां पर नमी के नाम पर गेहूं के ट्रक वापिस भेजे जा रहे है। खरीद एजेंसी द्वारा गेहूं जो खरीदी गई है वो नियमानुसार है। आढ़ती किसी सूरत में किसी तरह का कट गेहूं के नमी के नाम पर नहीं देंगे। एजेंसी छातर सब यार्ड से खुद गेहूं की नमी जांच करें।

गोदामों में गेहूं के बैग लेकर जाने की जिम्मेदारी खरीद एजेंसी की है न ही आढ़ती की है। विजय, राजू मोर, ओमदत्त डाहोला, रतन, पवन, दरवेश ने कहा कि दो दिनों से आढ़तियों को नमी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। वहां से ट्रक वापिस भेजे जा रहे है जिससे आढ़ती, किसान परेशान है। जब तक गेहूं के बैग गोदाम में नहीं उतारेंगे तब तक किसान के खाते में पेमेंट नहीं आएगी। आढ़तियों, किसानों को तंग करने के लिए नमी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। छातर सब यार्ड का गेट को बंद करके आढ़तियों ने रोष प्रकट किया है। आढ़ती किसी भी नमी के जिम्मेदार नहीं होंगे।

सब यार्ड से एजेंसी गेहूं के बैगों को ट्रकों में नमी चैक करके लोड करवाए। जब तक गोदाम में आढ़तियों को नमी के नाम पर तंग करना बंद नहीं किया जाता तब तक छातर सब यार्ड पर गेहूं के बैगों की लोडिंग नहीं करवाएंगे। गोदाम इंचार्ज जितेंद्र वर्मा ने बताया कि 12 प्रतिशत तक नमी वाली गेहूं बिना कट लगवाए उतारी जाती है। 14 प्रतिशत तक नमी हो तो उसे नियमानुसार कट लगा कर उतरवाया जाता है। 14 प्रतिशत से अधिक नमी है तो वो गेहूं नहीं उतरवाई जाती है। जो आरोप लगाए जा रहे है वो गलत है।



**जींद।** छातर सब यार्ड के गेट को बंद कर रोष प्रकट करते आढ़ती तथा करसिंधु-पालवां रोड पर गोदाम के बाहर लगी ट्रकों की लाइन। फोटो: हरिभूमि

### ट्रक चालकों ने लगाया गोदाम में लेबर कम होने का आरोप

- पूरे दिन करना पड़ रहा है ट्रक चालकों को गाड़ी अनलोडिंग होने का इंतजार

**उचाना।** पालवां-करसिंधु रोड पर स्थित संजीव पीजी गोदाम पर पालवां गांव की तरफ ट्रकों की लंबी लाइन लगी हुई है। गेहूं के बैगों से ट्रक लोड है। ट्रक चालकों ने बताया कि गोदाम में लेबर कम होने के चलते अनलोडिंग के जो प्वाइंट है वो कम है। अनलोडिंग प्वाइंट कम होने के चलते यहां पर गाड़ी उतारे जाने के लिए नंबर कई-कई घंटे बाद आता है। पूरा-पूरा दिन ट्रक चालकों को अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है। मंगलवार शाम को ट्रक लेकर आए थे। बुधवार दो बजे तक उनका नंबर नहीं आया है। लंबी लाइन ट्रकों की लगने के चलते आने-जाने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चालक रमेश, सुरेश, राजेंद्र ने कहा कि गोदाम में अनलोडिंग प्वाइंट कम होने से कई-कई घंटों के बाद गाड़ी का नंबर आ रहा है। रात को ट्रक में ही रात गुजारनी पड़ी। यहां पर अनलोडिंग प्वाइंट बढ़ाए जाए ताकि ट्रक चालकों को 'यादा देर तक ट्रक अनलोडिंग होने का इंतजार नहीं करना पड़े। एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि गेहूं अनलोडिंग के प्वाइंट कम थे जिन्हें बढ़ा दिया गया है। किसानों, आढ़तियों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

### किसानों को फसल डालने में आ रही है परेशानी


**जींद।** घोघड़िया परचेज सेंटर पर कच्चे में उतारी गई गेहूं। फोटो: हरिभूमि

### घोघड़िया परचेज सेंटर पर कच्चे में फसल उतारने पर मजबूर किसान

**उचाना।** घोघड़िया परचेज सेंटर पर किसान, आढ़ती काफी लंबे समय से परचेज सेंटर को पक्का करने की मांग करते आ रहे है। यहां पर साल दर साल गेहूं की आवक बढ़ती है। जो परचेज सेंटर है उसका कुछ हिस्सा पक्का है। काफी सालों से कच्चे में ही किसान अपनी फसल को उतारने पर मजबूर है। कई बार किसान, आढ़ती घोघड़िया परचेज सेंटर को दर्जा बढ़ा कर सब यार्ड बनाने की मांग भी कर चुके है। सब यार्ड बनना तो दूर जो परचेज सेंटर है उसका ही नए सिरे से निर्माण नहीं करवाया जा रहा है। यहां पर घोघड़िया, बड़ौदा, रोजखेड़ा, कसूहन, कालता-भौंसला, कुचराना सहित आस-पास के गांवों के किसान अपनी फसल लेकर आते है। फसल के सीजन में तो अस्थाई तौर पर यहां पर बिजली, पानी की व्यवस्था की जाती है लेकिन जो प्रमुख समस्या परचेज सेंटर पर कच्चे में गेहूं उतारे जाने की है वो समस्या दूर नहीं हो रही है। आढ़ती रामकुमार, बिजेंद्र, दीपक, जोगीचंद, सुनील, विक्रम, सतीश ने कहा कि दस सालों से परचेज सेंटर पर बढ़ रही गेहूं की आवक को देखते हुए सब यार्ड बनाने की मांग भी आढ़ती करते आ रहे है। यहां पर अधिकांश परचेज सेंटर कच्चे में है। किसानों को कच्चे में अपनी फसल उतारनी पड़ रही है। बारिश होने पर सबसे अधिक परेशानी होती है।


**जींद।** अंडरपास निर्माण को लेकर नारेबाजी करते महाबीर कंप्यूटर। फाइल फोटो

# ...और व्यापारियों का दो साल का संघर्ष कामयाब

- देवीलाल चौक पर अंडरपास के लिए तीन करोड़ 56 लाख 74857 रुपये की राशि का टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

दो वर्ष के लंबे संघर्ष और आंदोलनों के बाद आखिरकार देवीलाल चौक पर अंडरपास के लिए तीन करोड़ 56 लाख 74857 रुपये की राशि का टेंडर जारी किया गया है। इस टेंडर के अनुसार निर्माण कार्य छह माह में पूरा करना होगा।

अंडरपास के निर्माण के लिए व्यापारियों ने लंबे समय तक आंदोलन किया था। व्यापारियों ने धरने प्रदर्शन कर अंडरपास की लगातार मांग की थी। अब शहर के देवीलाल चौक पर अंडरपास के निर्माण का टेंडर जारी होने पर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है।

**टेंडर भरने की प्रक्रिया 26 अप्रैल से होगी शुरू:** अंडरपास के निर्माण हेतू तीन करोड़ 56 लाख 74857 रुपये की राशि के इस टेंडर को भरने की प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होगी। टेंडर भरने की अंतिम तिथि 10 मई है। अंडरपास निर्माण कार्य लगभग छह महीने के अंदर पूरा करना होगा। यह अंडरपास का निर्माण एएचएस के साथ छत सहित होगा। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाप्रधान महाबीर कंप्यूटर ने कहा कि देवीलाल चौक वाला रास्ता पूरे शहर का मुख्य रास्ता है तथा शहर की जीवनरेखा है। जल्द ही इस अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। व्यापारियों ने इकट्ठा होकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह व्यापारी, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं व किसान संगठन के संघर्ष की जीत है। लगभग दो वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद शहर के लोगों को नई सौगात मिली है।

**देवीलाल चौक के पास की आधा दर्जन मार्केट को होगा फायदा:** देवीलाल चौक वाला रास्ता बंद होने से पुरानी अनाज मंडी, लोहा मंडी, जनता बाजार, इंदिरा बाजार, कपडा मार्केट, साड़ी मार्केट, पालिका बाजार व साथ लगती अन्य मार्केटों को फायदा होगा।

### देवीलाल चौक के आसपास की कालोनियों में खुशी की लहर

अंडरपास के निर्माण से व्यापारियों तथा साथ लगती कालोनियों में भी खुशी का माहौल है। पैदल यात्री, हाथ रेहड़ी व रिक्शा वालों को भी इस रास्ते के गुजरने से काफी आसानी होगी। व्यापारियों ने कहा कि रास्ता बंद होने से व्यापार मंदी की चपेट में थे अब अंडरपास बनने में हमें मंदी का सामना नहीं करना पड़ेगा और पिछले दिनों बंद रास्ते से जो नुकसान व्यापारियों का हुआ है उसकी भरपाई भी हो सकती है। मौके पर कपड़ा मार्केट के प्रधान राजेश काजी, पालिका बाजार एसो के प्रधान जयकुंवार गोयल, साड़ी एसोसिएशन के प्रधान सावर गर्ग, घी-चीनी के पदाधिकारी सुरेश गर्ग, सतपाल शर्मा, रमेश, सुरेश, विनोद दीक्षित, सुरेश, सुरेश सैनीए,जतिन जैन, रमेश बंसल, आईडी गोयल, रामबिलास मित्तल, सुरेश बंसल, अनिल गर्ग, रामफल फौजी, अनिल जैन, सतीश जिंदल, भजन लाल, विनोद, सुरेश गर्ग, मुकेश, पवन गर्ग, नीरज सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

## सरकारी खरीद पर मंडी में आते ही बिक रही है सरसों


**उचाना।** मंडी में आई सरसों की फसल।

- सरकारी खरीद पर किसानों बेची कम सरसों, प्राइवेट बोली पर बिकी अधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

बीते साल सरसों के भाव प्राइवेट बोली पर अधिक होने के चलते सरकारी खरीद पर सरसों किसानों द्वारा कम बेची गई। इस बार प्राइवेट बोली पर सरसों के भाव कम है। ऐसे में सरसों की सरकारी खरीद होने से किसानों की बल्ले-बल्ले है। प्राइवेट बोली पर पांच हजार क्विंटल के आस-पास के भाव है।

सरकार द्वारा जो सरकारी नियमों पर खरीद उतरती है उस सरसों को 5650 रुपये प्रति क्विंटल रुपए में खरीदा जा रहा है। मंडी में आते ही किसानों की फसल बिक रही है। एक दिन में एक किसान 25 क्विंटल तक सरसों बेच सकता है। किसान के पास फसल पंजीकरण होना जरूरी है। फसल पंजीकरण के बाद गेट पास कटवाना होता है। निर्धारित नमी सहित अन्य मापदंडों पर खरी उतरने वाली सरसों को खरीदा जा रहा है।

हैफेड में दर्ज रिकॉर्ड के अनुसार इस बार अब तक 40 हजार से अधिक सरसों के बैगों की खरीद हो चुकी है। बीते साल पूरे सीजन में 27500 बैग सरकारी खरीद पर खरीदे गए थे। इस बार सरकारी खरीद पर जो भाव है वो प्राइवेट खरीद से अधिक है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## गिरफ्तारी को लेकर पुलिस से मिले ग्रामीण

- आरोपी के गिरफतारी के लिए कई जगहों पर दबिश दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

सफीदों उपमंडल के एक गांव की नाबालिगा का अपहरण करके दुष्कर्म के मामले में परिवारजन सरफाबाद चौंकी में चौंकी प्रभारी से मिले और आरोपी को गिरफतारी की मांग की। परिजनों का आरोप था कि इस घटना को घटित हुए 15 दिन बीत चुके हैं लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक आरोपी युवक की गिरफतारी नहीं हुई है। परिजनों का कहना था कि उनकी नाबालिग लड़की 2 अप्रैल को गायब हो गई थी। वह स्कूल में गई थी लेकिन वह घर पर नहीं लौटी। उन्होंने उसे काफी ढुंढा लेकिन उसका कोई अतापता नहीं चल पाया था। उसके बाद उन्होंने सरफाबाद चौंकी में गौरव नामक एक युवक पर शक जाहिर करते हुए शिकायत दी थी। 6 अप्रैल को वह लड़की गांव के बस अड्डे पर मिल जाती है। लड़की ने परिजनों को अपनी सारी आपबीती बतलाई। उनकी बेटी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया था। इस मामले को करीब 15 दिन बीत जाने के बावजूद भी आरोपी की गिरफतारी पुलिस के द्वारा नहीं की गई है। वे पुलिस को कई बार मिल चुके हैं लेकिन उन्हे समय पर समय दिया जा रहा है। सरफाबाद चौंकी प्रभारी महेंद्र सिंह का कहना है कि शिकायत मिलते ही तत्काल मुकद्दमा दर्ज किया गया था। लड़की को कोर्ट में पेश करके ब्यान दर्ज करवाकर मेडीकल करवाया गया था। आरोपी के गिरफ्तारी के लिए कई जगहों पर दबिश दी गई है।

## भगत सिंह चौक से स्टेशन तक हटवाया अतिक्रमण

- सड़क के दोनों तरफ लगाई गई पीली पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शहर में सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस अधीक्षक उपासना के दिशा निर्देश तहत चलाई जा रही मुहिम के तहत ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क से अतिक्रमण को हटवाया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को थाना प्रबंधक यातायात एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा भगत सिंह चौक, बड़ा डाकखाना तथा आगे रेलवे स्टेशन तक अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क पर रेहड़ी खडी करके तथा दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों को समझाया गया तथा उन्हें बताया गया कि सड़क पर रेहड़ी लगाकर या सामान रखकर यातायात व्यवस्था को बाधित करने के पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम द्वारा सडक के दोनो साइड पीली पट्टी बनाई गई तथा हिदायत दी गई कि इससे आगे कोई भी दुकान या रेहड़ी वाला सामान नहीं रखेगा।

इस अवसर पर दुकानदारों तथा रेहडीवालो द्वारा पुलिस की इस मुहिम की प्रशंसा की गई तथा सहयोग देते हुए आश्वासन दिया गया कि वे आगे से पुलिस प्रशासन के कल्याणकारी कार्य में सहयोग करके सडक पर अतिक्रमण नहीं करेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखने, रेहड़ी लगाने व दुकान के आगे व्हीकल खडा होने से रास्ता काफी तंग हो जाता है।

### देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : कंवरपाल

**पूंडरी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी डैलीगेट्स के सदस्य पंडित कंवरपाल करोड़ा ने कहा कि आज देश व प्रदेश की जनता का रुझान कांग्रेस व इंडिया गठबंधन की ओर तेजी से बढ़ता जा रहा है, इसी बदौलत देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने जनता के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा ने जो नीतियां बनाई है उन नीतियों के के कारण के कारण देश 20 वर्ष तरक्की के मामले में पीछे चला गया है, इसकी भरपाई मात्र इंडिया गठबंधन ही कर सकता है। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से मिलने के पश्चात बातचीत करते हुए उन्होंने कहा है कि भाजपा ने जनता को कागजों में उलझाने का काम किया है।

**नामांकन के दौरान पेश किया गया जाति प्रमाण पत्र मिला फर्जी**

# रामभरोसे को निर्वाचन आयोग ने पार्षद पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नगर के वार्ड नंबर 14 में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नगर पालिका पार्षद का चुनाव लड़ने के मामले में नायब हरियाणा चुनाव आयोग के द्वारा पार्षद रामभरोसे को को पार्षद पद से हटा दिया है। पार्षद रामभरोसे को चुनाव आयोग के द्वारा हटाए जाने के बाद सफीदों पालिका की राजनीति में गहमागहमी का माहौल है।

**क्या है मामला:** 22 जून 2022 को सफीदों नगरपालिका चुनावों का परिणाम घोषित हुआ था। इस चुनाव के परिणामों में वार्ड नंबर 14 जोकि एससी के लिए आरक्षित था में रामभरोसे ने विजय हासिल की थी और अजीत पाथरी दूसरे स्थान पर रहे थे। चुनाव हारने के पश्चात प्रतिद्वंद्वि अजीत पाथरी ने विजेता रहे रामभरोसे के जाति प्रमाण पत्र पर सवाल उठाते हुए कहा था कि रामभरोसे ने फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करवाकर अपने नामांकन पत्र में उसे लगाया है। इस जाति प्रमाण पत्र में उसने अपनी जाति धानक दर्शायी है लेकिन उसकी सही जाति ताती है। अजीत का कहना है कि उसके पिता एफसीआई के कर्मचारी रहे हैं और वे बिहार से आकर सफीदों में बसे हुए है। पिता देबूदास की सर्विस बुक में उनकी जाति ताती है और रामभरोसे के स्कूली रिकार्ड में भी जाति ताती दर्ज है लेकिन उसने फर्जी आधार पर जाति प्रमाण पत्र में अपनी जाति धानक दर्ज करवाई। अजीत पाथरी ने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग, उपायुक्त जींद व एसडीएम सफीदों को की थी। उच्चाधिकारियों ने इसकी जांच के आदेश पर सफीदों के नायब तहसीलदार को दिए थे। अजीत पाथरी का कहना है कि सफीदों का वार्ड नंबर 14 एससी वर्ग के लिए आरक्षित था और यहां पर एससी वर्ग का ही व्यक्ति चुनाव लड़ सकता था।

### क्या कहते हैं शिकायतकर्ता

शिकायत कर्ता अजीत पाथरी का कहना था कि न्याय की जीत हुई है। पार्षद रामभरोसे को उसके पद से हटाया गया है लेकिन इसके साथ-साथ उसके खिलाफ गलत जाति प्रमाण पत्र नामांकन में दर्ज करवाने को लेकर भी कानूनी कार्रवाई भी होनी चाहिए।


शिकायतकर्ता अजीत पाथरी।

### फैसले में क्या कहा राज्य निर्वाचन आयुक्त ने

इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई के उपरांत रा'य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने अपने फैसले में लिखा है कि रामभरोसे बिहार में तांती जाति से सङ्बंध रखता है, जो हरियाणा रा'य में अनुसूचित जाति की सूची में सम्मिलित नहीं है। तांती जाति और धानक जाति अलग-अलग जातियां है। उसने गलत तथ्यों के आधार पर धानक जाति से संबंधित अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी करवा लिया था, जो बाद में शिकायत होने पर संबंधित अधिकारी द्वारा निरस्त किया जा चुका है। सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 243के और 243जेडए और हरियाणा नगरपालिका अधिनियम, 1973 की धाराओं के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए रामभरोसे को नगरपालिका सफीदों के वार्ड नंबर 14 के पार्षद पद से हटाया जाता है और उक्त पद को तत्काल प्रभाव से रिक्त घोषित किया जाता है।